NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No : 126/NCRES/19

Date : 08.05.2019

श्रीमान प्रधान चिकित्सा निदेशक
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, इलाहाबाद

विषयः– सर्वोदय हास्पिटल एवं रिसर्च सेन्टर, फरीदाबाद, को नार्थ सेन्ट्रल रेलवे के रेफरल पैनल में शामिल करने हेतु।

संदर्भ :– CHD/NCR/ALD का पत्र संख्या 2–MED/Recog/SH दिनांक 26.04.2019

महोदय,

NFIR ने अपने पत्र दिनांक 11.01.2019 और NCRES ने अपने पत्र दिनांक 20.02.2019 एवं 25.03.2019 द्वारा सर्वोदय हास्पिटल एवं रिसर्च सेन्टर फरीदाबाद को NCR के रेफरल पैनल में शामिल करने के लिये अनुरोध किया था लेकिन NCR के पैनल मे शामिल नही किया गया और सन्दर्भित पत्र द्वारा सर्वोदय हास्पिटल को सूचित किया गया है कि नार्थ सेन्ट्रल रेलवे का मरीज नार्दन रेलवे के माध्यम से उनके अस्पताल में इलाज हेतु भेजा जा सकता है।

NCRES को अवगत कराना है कि प्राइवेट हास्पिटल में केवल उन्ही मरीजों को भेजा जाता है जो गम्भीर बीमारी से ग्रस्त होते है और उन्हे जल्द से जल्द इलाज की आवश्यकता होती है। ऐसे में मरीज को नार्दन रेलवे के माध्यम से भेजने पर मरीज के इलाज में अनावश्यक विलम्ब होगा और विलम्ब के कारण मरीज एवं उसके परिवार को अपूर्णनीय क्षति हो सकती है।

यह भी अवगत कराना है कि दिनांक 30.04.2019 को NCRES के साथ वार्ता में महाप्रबन्धक महोदय ने सर्वोदय हास्पिटल को NCR के रेफरल पैनल में शामिल करने के लिये सहमति व्यक्त किया है, इसलिये अनुरोध है कि मैक्स हास्पिटल, अपोलो हास्पिटल, ऐशियन हास्पिटल, मेदान्ता हास्पिटल आदि की तरह सर्वोदय हास्पिटल को भी नार्थ सेन्ट्रल रेलवे के पैनल मे शामिल कर सीधे रिफर करने हेतु MOU साइन करने के लिये उचित आदेश करने का कष्ट करे।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री